

दैनिक
# कीर्तिप्रभा
खबरों के सच का निर्भीक आइना

रीवा ■ भोपाल से एक साथ
वर्ष: 28, अंक: 298 पृष्ठ 12, रीवा

सोमवार 20 जुलाई 2026
मूल्य: 3.00 रुपए



## वंदे मातरम् के अपमान पर सजा के प्रावधान का प्रस्ताव



नई दिल्ली, संसद के मानसून सत्र के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को राज्यसभा में एक विधेयक पेश करेंगे, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गान जन गण मन के समान कानूनी संरक्षण प्रदान करना है। प्रस्तावित विधेयक के तहत राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम संबंधी कानून में संशोधन कर राष्ट्रीय गीत के अपमान या उसके गायन में जानबूझकर बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाने का प्रावधान किया गया है।

प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर वंदे मातरम् का अपमान करता है, उसके गायन में व्यवधान उत्पन्न करता है या उसके सामूहिक गायन को बाधित करता है, तो उसे तीन वर्ष तक के कारावास, जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकेगा। वर्तमान में राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम के तहत राष्ट्रीय गान, राष्ट्रीय ध्वज और अन्य राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। राष्ट्रीय गान के दौरान जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न करने या उसका अपमान करने पर पहले से ही तीन वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

## संसद का मानसून सत्र आज से- लोकसभा में बदलेगा राजनीतिक समीकरण

### टीएमसी के 20 और उद्धव गुट के 6 बागी सांसदों को अलग बैठने की मंजूरी

नई दिल्ली, संसद के मौजूदा मानसून सत्र में लोकसभा की राजनीतिक तस्वीर में बड़ा बदलाव देखने को मिलने वाला है। दरअसल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 बागी सांसदों और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के छह बागी सांसदों को अलग समूह के रूप में मान्यता देते हुए सदन में अलग बैठने की अनुमति दे दी है। सोमवार 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र में ये सभी सांसद अपने नए दलों के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। टीएमसी के 20 सांसदों ने 15 जून को पार्टी से अलग होकर नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय कर लिया था।



इससे पहले 8 जून को इन सांसदों ने केंद्र की एनडीए सरकार को समर्थन देने की घोषणा की थी। पूर्व टीएमसी नेता काकोली घोष दस्तीदार ने बताया था कि सांसदों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र लोकसभा अध्यक्ष को सौंप दिए गए थे। एनसीपीआई पश्चिम बंगाल में पंजीकृत राजनीतिक दल है, जिसने 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भी अपने उम्मीदवार उतारे थे। वहीं, महाराष्ट्र में 22 जून को उद्धव ठाकरे की शिवसेना में एक और बड़ी टूट हुई थी। लोकसभा के नौ सांसदों में से छह सांसद पार्टी छोड़कर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे। इसके बाद लोकसभा में शिंदे गुट के सांसदों की संख्या सात से बढ़कर 13 हो गई। मुंबई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकनाथ शिंदे ने इसे पार्टी के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया था। इन दोनों घटनाक्रमों से लोकसभा में एनडीए का संख्या बल और मजबूत होने की संभावना है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीती थीं और सहयोगी दलों के साथ एनडीए का आंकड़ा 292 तक पहुंचा था। अब टीएमसी और उद्धव गुट के बागी सांसदों के समर्थन से सरकार दो-तिहाई बहुमत के और करीब पहुंच सकती है।

### पूर्व पीएम देवेगौड़ा की पत्नी चेन्नम्मा का निधन,

बेंगलुरु पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा की पत्नी चेन्नम्मा का बेंगलुरु में निधन हो गया। कर्नाटक सरकार ने चेन्नम्मा के अंतिम संस्कार के समय उन्हें राजकीय सम्मान देने का फैसला किया। बता दें चेन्नम्मा का पिछले कुछ दिनों से सांस में गंभीर दिक्कतों के चलते अस्पताल में इलाज चल रहा था। हार्ट अटैक के बाद शनिवार शाम करीब 4 बजे चेन्नम्मा का निधन हो गया।

### अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना हमेशा अश्लीलता नहीं होती- सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि गाली-गलौज या अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना हमेशा अश्लीलता के दायरे में नहीं आता है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि कोई शब्द तभी अश्लील माना जाएगा, जब वह कामुकता को बढ़ावा देने वाला हो या लोगों को भ्रष्ट करने की प्रवृत्ति रखता हो। कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु के एक मामले में सुनवाई करते हुए की। आरोपी मणि को जमीन विवाद के दौरान मां की गाली देने के लिए अश्लीलता के आरोप में दोषी ठहराया गया था।

### विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 पर जेपीसी की बैठक फिर टली

नई दिल्ली, उच्च शिक्षा के नियमन में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव रखने वाले विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की मसौदा रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए बुलाई बैठक टाल दी गई है। मानसून सत्र से ठीक पहले लिया गया यह फैसला विधेयक को लेकर उभर रहे मतभेदों और सहयोगी दलों की चिंताओं के बीच अहम माना जा रहा है।

### एलजीबीटीक्यूआईए की वजह शादी की पवित्रता खत्म हुई,

नई दिल्ली) दिग्गज सिंगर अनुराधा पौडवाल इन दिनों ट्रोल्स के निशाने पर हैं। हाल ही में उन्हें राम मंदिर विवाद पर हुई ट्रोलिंग को लेकर सफाई देनी पड़ी। अब वो अपने एक और बयान को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त विवादों में घिर गई हैं। उन्होंने एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के अधिकारों को भारत में शादी जैसी संस्था के कमजोर होने की वजह बताया।

### पीएम मोदी को लिखा पत्र

जयपुर। राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कर संवैधानिक मान्यता देने की मांग फिर उठ रही है। मायड भाषा संघर्ष समिति ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर मानसून सत्र में राजस्थानी भाषा को संवैधानिक दर्जा देने की मांग की है

## पुंछ में फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड से 16 लोगों की मौत



### -फंसे लोगों को निकालने युद्धस्तर पर कार्य जारी, सीएम ने दिल्ली दौरा बीच में छोड़ा

जम्मू, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार तड़के मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाई। भारी बारिश के कारण फ्लैश फ्लड और भूस्खलन में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा प्रभावित सुरनकोट तहसील में सभी मौतें दर्ज की गई हैं। राहत एवं बचाव दल मौके पर तैनात हैं और फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने, प्रभावित क्षेत्रों को खाली कराने और राहत पहुंचाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किश्तवाड़ में बादल फटा है। इसके चलते व्यापक पैमाने पर तबाही मची। घर-मकान को नुकसान पहुंचा है। राजौरी में भी भारी से बहुत भारी बारिश के चलते हालात खराब हैं। प्रशासन ने लोगों को अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी है। अभी तक 16 लोगों के मरने की सूचना मिली है। इसके अलावा कई अन्य अभी भी लापता हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने का अंदेशा जताया गया है। नूनाबंदी गांव में मकान गिरने से एक महिला की मौत हो गई। उनके पति और तीन बच्चों को घायल अवस्था में बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया है। लोअर मुर्रा क्षेत्र में भूस्खलन के कारण एक अन्य शख्स मकान में दब गया। वहीं, मकान समेत परिवार के 6 सदस्य लापता बताए जा रहे हैं। उनकी तलाश के लिए बचाव अभियान चलाया गया है। इसके अलावा मरहोट में एक नाबालिग लड़की नाले में बह गई, जबकि धुंदक लार्थुंग पुल के पास एक नाले से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है।रिपोर्ट के मुताबिक किश?तवाड़ के दाछन के सुरनु (कियार) में बादल फटा है। इससे इलाके में हालात काफी बिगड़ गए। खेत में खड़ी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। लगातार हो रही भारी बारिश और सलाल व बगलिहार बांध से पानी छोड़े जाने के कारण चिनाब नदी का जलस्तर अलर्ट लेवल तक पहुंचने वाला है। घाट किनारे पर बने मंदिर परिसर तक पानी पहुंच गया है और घाट पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। प्रशासन ने लोगों को अलर्ट पर रहने को कहा है। वहीं, जम्मू के पीर खो क्षेत्र के पास तवी नदी में तेज बहाव के बीच फंसे 3 लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। नौशहरा में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। इसके चलते मनावर नदी का जलस्तर बढ़ गया। बारिश और तेज बहाव के कारण कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी टूटकर पानी में बहते नजर आए, जिससे बिजली सप?लाई प्रभावित हुई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश से ?यापक पैमाने पर तबाही मची है। पुंछ में फ्लैश फ्लड और लैंडस?लाइड की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई। राजौरी में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, नदी-नाले उफान पर हैं। हालात को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। पानी के तेज बहाव में कई वाहन बह गए। लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। पूरे जिले में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं, जिससे नदी-नाले पूरी तरह उफान पर आ गए हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रशासन की टीमें मौके पर हैं और राहत बचाव कार्य चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार बारिश ने पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और अगर बारिश जारी रही तो फसलों और मकानों को भारी नुकसान हो सकता है। दूसरी तरफ, चिनाब नदी के उफान पर आने से अखनूर घाट का मुख्य हिस्सा पानी में डूब गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि जम्मू संभाग के कई हिस्सों विशेषकर राजौरी में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए वह दिल्ली का दौरा बीच में ही छोड़कर जम्मू लौट रहे हैं।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वे सुबह से ही जम्मू खासकर राजौरी और आसपास के क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और विधायकों के संपर्क में हैं।

## मप्र में समान नागरिक संहिता समेत 9 विधेयकों को कैबिनेट की मंजूरी



भोपाल/इंदौर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल जिले के ऐतिहासिक जगदीशपुर (इस्लाम नगर) स्थित चमन महल में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में रविवार को कई अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता, 2026 विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ ही प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम और उद्योग क्षेत्र से जुड़े 8 अन्य विधेयकों को भी आगामी विधानसभा सत्र में पेश करने का निर्णय लिया गया।

समानता और न्याय की भावना को आधार बताते हुए सरकार ने विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिए विधि एवं विधायी कार्य विभाग को अधिकृत किया है।

मंत्रि-परिषद ने समान नागरिक संहिता विधेयक के साथ मध्यप्रदेश निरसन विधेयक, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक, राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय विधेयक, मध्यप्रदेश श्रम शक्ति संहिता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस विधेयक को मंजूरी दी।

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए 73 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन को मंजूरी दी गई है। इनमें उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पताल शामिल हैं।

योजना के तहत 29 उप स्वास्थ्य केंद्रों को 6-बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 19 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को 50-बिस्तरीय सिविल अस्पताल और 7 संस्थाओं को 100-बिस्तरीय अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा।

इन परियोजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति के साथ नए पदों के सृजन और मानव संसाधन व्यवस्था को भी मंजूरी दी गई है।

## राहुल-खरगे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी कहा- चुप्पी से काम नहीं चलेगा

### अयोध्या के राम मंदिर में हुई चोरी का मामला

नई दिल्ली, संसद के मानसून सत्र से पहले राम मंदिर चंदे को लेकर सियासी विवाद तेज हो गया है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त पत्र लिखकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर सवाल उठाए हैं। दोनों नेताओं ने मामले में प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर भी आपत्ति जताई और जवाबदेही तय करने की मांग की है।



कांग्रेस नेताओं ने अपने पत्र में कहा कि राम मंदिर के लिए देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया है। ऐसे में यदि चंदे या ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन को लेकर कोई आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच जरूरी है।

उन्होंने कहा कि ऐसे गंभीर मामलों में सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब आना चाहिए और जनता को वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलनी चाहिए। राहुल गांधी और खरगे ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोपों की जांच की मांग करते हुए कहा कि ट्रस्ट से जुड़े सभी वित्तीय मामलों की स्वतंत्र और व्यापक समीक्षा होनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मंदिर निर्माण से जुड़ी आस्था और श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता जरूरी है। दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि जांच केवल दस्तावेजों और खातों तक सीमित न रहे, बल्कि मंदिर के लिए मिले सभी प्रकार के दान, जिसमें नकद राशि, सोना, चांदी और अन्य चढ़ावे शामिल हैं, उनके प्रबंधन की भी विस्तृत जांच की जाए।कांग्रेस ने यह भी मांग की है कि जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और ट्रस्ट के सभी खातों की जानकारी आम लोगों के सामने रखी जाए।

## अहमदाबाद फैक्ट्री ब्लास्ट- एक साथ सात शव गांव पहुंचे, गम और चीख-पुकार से दहल उठा गोविंदातलाई

### * परिजनों के विलाप से माहौल हुआ गमगीन, प्रशासन ने मदद का भरोसा दिया; हादसे ने पूरे गांव के सपनों को कर दिया चकनाचूर

दाहोद अहमदाबाद में हुई भीषण पटाखा फैक्ट्री विस्फोट दुर्घटना के बाद जब एम्बुलेंस से एक साथ सात मृतकों के शव दाहोद जिले के गोविंदातलाई गांव पहुंचे, तो पूरा गांव शोक में डूब गया। परिजनों की चीख-पुकार और ग्रामीणों की नम आंखों ने ऐसा हृदयविदारक दृश्य पैदा किया कि हर किसी की आंखें भर आईं। एक साथ सात अंतिम यात्राएं निकलती देख पूरे क्षेत्र में सन्नाटा छा गया। इस दर्दनाक हादसे ने कई परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की। मामलतदार और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गांव पहुंचे, परिजनों को सांत्वना दी और सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। हालांकि, अपनों को खोने का दर्द किसी भी मदद से कम नहीं हो सकता।बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में काम करने वाले ये सभी लोग अपने परिवार का पालन-पोषण करने के उद्देश्य से रोजगार के लिए गए थे।

## पंजाब पुलिस ने एसएचओ गुरिंद्रजीत सिंह नागरा को गिरफ्तार कर किया निलंबित

### -एफबीआई के ऑपरेशन हार्ड बॉल में उनका नाम सामने आने के बाद हुई कार्रवाई

चंडीगढ़, जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के मामले में पंजाब पुलिस ने होशियारपुर के टांडा थाने के तत्कालीन एसएचओ गुरिंद्रजीत सिंह नागरा को गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया है। ये कार्रवाई अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के ऑपरेशन हार्ड बॉल के दौरान उनका नाम सामने आने के बाद की गई। विभागीय जांच में सबूत मिलने के बाद उनके खिलाफ एक्सटॉर्शन और भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अब मामले के हर पहलू की गहन जांच कर रही है।यह पूरा मामला अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के परिवार से कथित तौर पर 4 लाख डॉलर यानी करीब 4 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के आरोप से जुड़ा है।



एफबीआई और अन्य अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसियों का दावा है कि गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े लोगों ने पंजाब में दर्ज एक हत्या के केस का दबाव बनाकर पीड़ित परिवार से बड़ी रकम वसूलने की कोशिश की। जांच के दौरान इस पूरे घटनाक्रम में तत्कालीन एसएचओ गुरिंद्रजीत सिंह नागरा का नाम भी सामने आया।अमेरिका, कनाडा और यूरोप में सक्रिय गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ 10 जुलाई को एफबीआई और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त अभियान ऑपरेशन हार्ड बॉल चलाया। इस दौरान कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की पड़ताल की गई। इसमें भारतीय पुलिस अधिकारी की भूमिका सामने आई, जिसकी पहचान टांडा के तत्कालीन एसएचओ गुरिंद्रजीत सिंह नागरा के रूप में की गई। अमेरिकी एजेंसियों ने दावा किया कि नागरा का नाम कथित फिरौती की साजिश में सामने आया है।

जांच एजेंसियों के मुताबिक अमेरिका में रह रहे एक परिवार पर हत्या के मामले में कार्रवाई का डर दिखाकर 4 लाख डॉलर की मांग की गई थी। आरोप है कि गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े लोगों ने विदेश में रह रहे परिवार की जानकारी जुटाई और भारत में अपने संपर्कों के जरिए उन पर दबाव बनाया। अमेरिकी एजेंसियों ने इस मामले में नागरा की तस्वीर भी जारी कर उन्हें संदिग्ध भूमिका वाला अधिकारी बताया था।

## सीएम उमर बोले दिल्ली से लौटकर हालात का जायजा लेंगे

जम्मु,। जम्मू-कश्मीर के राजौरी और पुंछ जिलों में भारी बारिश तथा अचानक आई बाढ़ से उत्पन्न गंभीर स्थिति के बीच मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है, कि वह दिल्ली से लौटकर स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार प्रभावित परिवारों की हरसंभव सहायता करेगी।

मुख्यमंत्री उमर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा कि वह जम्मू संभाग, विशेषकर राजौरी शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की संपत्ति और आजीविका को नुकसान पहुंचा है, उनकी सहायता के लिए सरकार हरसंभव कदम उठाएगी। उमर अब्दुल्ला ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी और जम्मू संभाग के कई हिस्सों में बिगड़ते हालात को देखते हुए वह दिल्ली से जम्मू रवाना हो रहे हैं, ताकि प्रभावित इलाकों की स्थिति का मौके पर जाकर आकलन किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके दिल्ली से लौटने के बावजूद प्रस्तावित राजनीतिक विरोध कार्यक्रम निर्धारित योजना के अनुसार जारी रहेगा। उनके अनुसार, यह कार्यक्रम जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा।

